# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

**ग्यारहवां सत्र**

**समाचार भाग-1**

**संख्याः 118**

**बुधवार, 6 अप्रैल, 2016/17 चैत्र, 1938(शक्)**

**सदन की कार्यवाही का संक्षिप्त अभिलेख**

**<u>समय : 11.00 बजे (पूर्वाह्न)</u>**

**सदन की बैठक माननीय अध्यक्ष, श्री बृज बिहारी लाल बुटेल की अध्यक्षता में आरम्भ हुई ।**

**माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणा**

बैठक के प्रारम्भ में माननीय अध्यक्ष महोदय ने माननीय सदस्यों से वर्तमान बजट सत्र की शेष बची 2 बैठकों की कार्यवाही को सुचारू तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण में चलाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पिछले कल विधान सभा में इसलिए सर्वदलीय बैठक बुलाई गई थी ताकि आगामी 2 बैठकों की कार्यवाही सौहार्दपूर्ण वातावरण में चले। भारतवर्ष में हिमाचल विधान सभा की गरिमा सर्वमान्य है तथा इस गरिमा को बनाए रखना हमारा परम कर्त्तव्य है।

## 1. <u>प्रश्नोत्तरः</u>

### (i) तारांकित प्रश्नः

तारांकित प्रश्न संख्या 3239 से 3245 तक के उत्तरों पर अनुपूरक प्रश्न पूछे गए तथा सम्बन्धित मंत्रियों द्वारा उनके उत्तर दिए गए। तारांकित प्रश्न संख्या 3246 से 3267 तक के उत्तर सम्बन्धित मन्त्रियों द्वारा दिए गए समझे गए।

(ii) **अतारांकित प्रश्नः**

अतारांकित प्रश्न संख्या 1350 से 1359 तक के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

12-00 PM

## 2. नियम-62 के अन्तर्गत ध्यानाकर्षण प्रस्तावः

(1) कार्यसूची में पहले स्थान पर डॉ0 राजीव बिन्दल का ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लगा था लेकिन माननीय सदस्य की अनुपस्थिति के कारण उसको प्रस्तुतीकरण हेतु सदन में नहीं रखा गया।

(2) **श्री सतपाल सिंह सत्ती** ने निम्न प्रस्ताव प्रस्तुत किया एवं चर्चा कीः-

> **"ज़िला ऊना के अन्तर्गत अम्ब में स्थित 'दि कांगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक', से 19.50 करोड़ रूपए के ऋण घोटाले**" से उत्पन्न स्थिति।

माननीय सहकारिता मन्त्री ने चर्चा का उत्तर दिया।

## 3. गैर-सरकारी सदस्य कार्यः

### "संकल्प"

**श्री रविन्द्र सिंह** द्वारा निम्न प्रस्ताव जो दिनांक 10.3.2016 को सदन में प्रस्तुत किया जा चुका है पर उन्होंने आगे चर्चा की :-

> "यह सदन सरकार से सिफारिश करता है कि प्रदेश में विश्व बैंक या विदेशी सहायता द्वारा पोषित विभिन्न योजनाओं से वंचित पंचायतों में विकास की गति को बढ़ावा देने के लिए परियोजनाओं को तत्काल स्वीकृति हेतु विश्व बैंक या विदेशी सहायता के लिए भेजा जाए।"

निम्नलिखित ने चर्चा में भाग लियाः-

1) श्री बिक्रम सिंह
2) श्री कृष्ण लाल ठाकुर

माननीय मुख्य मन्त्री ने चर्चा का उत्तर दिया।

श्री रविन्द्र सिंह ने स्पष्टीकरण मांगा।
माननीय मुख्य मन्त्री ने उत्तर दिया।

संकल्प वापिस हुआ।

**(अपराह्न 1.00 बजे सदन की बैठक भोजनावकाश के लिए अपराह्न 2.15 बजे तक स्थगित हुई)**

**(अपराह्न 2.15 बजे सदन की बैठक माननीय उपाध्यक्ष श्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में पुनः आरम्भ हुई)**

## पहला संकल्पः

1. **श्री वीरेन्द्र कंवर** ने निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत किया एवं चर्चा कीः-

"यह सदन सरकार से सिफारिश करता है कि प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र सरकार से औद्योगिक पैकेज की तर्ज़ पर पर्यटन पैकेज की मांग की जाए।"

निम्नलिखित ने चर्चा में भाग लियाः-

1) श्री जय राम ठाकुर
2) श्री किशोरी लाल
3) श्री हंस राज
4) श्री बिक्रम सिंह जरयाल

माननीय मुख्य मन्त्री ने चर्चा का उत्तर दिया।

संकल्प अस्वीकार हुआ।

## दूसरा संकल्पः

2. **श्री महेन्द्र सिंह** ने निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत किया एवं चर्चा कीः-

"यह सदन सरकार से सिफारिश करता है कि प्रदेश में राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न वानिकी परियोजनाओं के कार्यान्वयन हेतु एक ठोस नीति का गठन किया जाए।"

माननीय वन मन्त्री ने चर्चा का उत्तर दिया।

श्री महेन्द्र सिंह ने स्पष्टीकरण मांगा।
माननीय वन मन्त्री ने उत्तर दिया।

संकल्प वापिस हुआ।

## तीसरा संकल्पः

3. **श्री गुलाब सिंह ठाकुर** ने निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत कियाः-

"यह सदन सरकार से सिफारिश करता है कि प्रदेश में एक ही समुदाय व व्यवसाय से जुड़े तरखान जाति (OBC) को लोहार जाति की तर्ज़ पर अनुसूचित जाति (SC) में सम्मिलित करने हेतु प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजा जाए।"

**(सदन की बैठक अपराह्न 4.35 बजे वीरवार, दिनांक 7 अप्रैल, 2016 के अपराह्न 11.00 बजे तक स्थगित हुई )**